**समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय (गैर-महापत्तन) में अगस्त, 2023 के दौरान और तक हैंडल किया गया कार्गो**

**भारत के समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय में कुल कार्गो यातायात**

समुद्री यातायात कार्यकलाप, वैश्विक अर्थव्यवस्था में होने वाले विकास अर्थात्: वैश्विक आउटपुट एवं व्यापार में वृद्धि द्वारा चालित होता है। इस प्रकार, पत्तनों द्वारा हैंडल किए गए समुद्री कार्गो यातायात की मात्रा मुख्य रूप से वैश्विक एवं घरेलू दोनों गतिविधियों के स्तरों एवं परिवर्तनों पर निर्भर है। गैर-महापत्तनों पर कार्गो यातायात अप्रैल-अगस्त, 2022-23 के दौरान हैंडल किए गए 274.77 मिलियन टन से **अप्रैल- अगस्त , 2023-24 के दौरान 6.8% तक बढ़कर 293.45 मिलियन टन हो गया।**

गैर-महापत्तनों पर हैंडल किया गया विदेशी कार्गो यातायात, अप्रैल-अगस्त , 2022-23 के दौरान हैंडल किए गए 228.85 मिलियन टन से अप्रैल-अगस्त, 2023-24 के दौरान 4.0% तक बढ़कर 238.08 मिलियन टन हो गया। गैर-महापत्तनों पर हैंडल तटीय कार्गो यातायात अप्रैल-अगस्त, 2022-23 के दौरान हैंडल किए गए 45.92 मिलियन टन से अप्रैल-अगस्त, 2023-24 के दौरान 20.7% तक बढ़कर 55.41 मिलियन टन हो गया।

**अगस्त, 2023 के दौरान हैंडल  किए गए पत्तनवार कार्गो यातायात**


- गैर-महापत्तनों में अगस्त, 2023 के दौरान 58.55 मिलियन टन कार्गो हैंडल किया गया जो पिछले वर्ष की समान अवधि में हैंडल किए गए कार्गो की 50.52 मिलियन टन की तुलना में 15.9% की वृद्धि को दर्शाता है। अगस्त, 2022 के दौरान हैंडल किए गए 8.36 मिलियन टन की तुलना में तटीय कार्गो यातायात अगस्त, 2023 के दौरान 40.2% बढ़कर11.71 मिलियन टन हो गया। गैर-महापत्तनों में, अगस्त, 2023 के दौरान हैंडल किया गया विदेशी कार्गो अगस्त, 2022 के दौरान हैंडल किए गए 42.16 मिलियन टन से 11.1% बढ़कर 46.84 मिलियन टन हो गया।
- **अगस्त, 2023** के दौरान, केरल समुद्री बोर्ड (केएमबी) के गैर-महापत्तनों ने विगत वर्ष की समान समय अवधि की तुलना में यातायात में 83.6% की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है हांलाकि, हैंडल किए गए कुल कार्गो में इसकी हिस्सेदारी बहुत कम थी। इसके बाद, महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (एमएमबी) (17.9%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (25.9%), गुजरात समुद्री बोर्ड (जीएमबी) (17.6%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (टीएनएमबी) (7.9%), पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप (5.5%) और पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (2.6%) आते हैं। **अगस्त, 2023 में जिन समुद्री राज्य/राज्य निदेशालयों ने ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की,** उनमें आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (एपीएमबी) (13.3%) और पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (4.2%) आते हैं।
- अगस्त, 2023 के दौरान, समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालयों में गुजरात समुद्री बोर्ड ने समुद्री राज्य/राज्य निदेशालय में हैंडल किए गए कुल कार्गो में (64.1%) की हिस्सेदारी के साथ 37.55 मिलियन टन का अधिकतम कार्गो यातायात हैंडल किया। इसके बाद, आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (14.0%), महाराष्ट्र समुद्री

बोर्ड (11.0%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (7.7%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (1.5%), पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (1.4%), पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (0.3%) और पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (0.1%) आते हैं।

- वस्तुओं के व्यापक स्तर पर विगत वर्ष की समयावधि की तुलना में अगस्त, 2023 में **लौह अयस्क/ पेलेट्स ने 160.2% की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की** है। इसके बाद, अन्य अयस्क (130.1%), निर्माण सामग्री (87.0%), चीनी (55.9%), खाद्य तेल (36.0%), पीओएल उत्पाद (35.3%), पीओएल क्रूड (31.6%), एलपीजी अथवा एलएनजी (28.6%), कंटेनर (19.1%), थर्मल कोयला (16.8%) और कोकिंग कोयला (6.4%) आते हैं। **दालों को छोड़कर अन्य खाद्यान्न** ने अगस्त, 2023 में 81.1% की अधिकतम ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, एफआरएम लिक्विड (78.3%), परियोजना कार्गो (77.7%), उर्वरक (26.7%), अन्य कोयला (18.4%), सीमेंट (9.0%), लोहा और इस्पात (6.8%) और अन्य वस्तुएं (5.5%) आते हैं।
- वस्तुओं के व्यापक स्तर पर अगस्त, 2023 में **कंटेनर** ने **19.3% की हिस्सेदारी के साथ 11.32 मिलियन टन** के अधिकतम कार्गो यातायात की हैंडलिंग की। इसके बाद, अन्य कोयला (14.9%), पीओएल क्रूड (13.5%), पीओएल उत्पाद (11.6%), लौह अयस्क पेलेट्स/ फाइन (11.0%), अन्य वस्तुएं (8.8%), थर्मल कोयला (5.8%), कोकिंग कोयला (5.7%), एलपीजी अथवा एलएनजी (3.3%), उर्वरक (1.5%), सीमेंट (1.2%), लौह एवं इस्पात और खाद्य तेल (0.7%) प्रत्येक, एफआरएम ड्राई (0.6%), अन्य अयस्क (0.4%), चीनी (0.3%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न और निर्माण सामग्री  (0.2%) प्रत्येक,  एफआरएम लिक्विड और दालें (0.1%) प्रत्येक आते हैं।

<u>अप्रैल-अगस्त , 2023-24 के दौरान हैंडल किया गया कार्गो यातायात</u>

- अप्रैल-अगस्त , 2023-24 के दौरान **कैप्टन ऑफ पोर्ट्र्स, गोवा** ने 233.9% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की। हालांकि, हैंडल किए गए कुल कार्गो में इसकी हिस्सेदारी नगण्य है। इसके बाद, महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (20.3%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (19.9%), पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (14.4%), आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (8.3%), पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (5.9%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (5.1%) और गुजरात समुद्री बोर्ड (3.2%) आते हैं। अप्रैल-अगस्त, 2022-23 की तुलना में समुद्री राज्य/राज्य निदेशालयों में से अप्रैल-अगस्त  2023-24 के दौरान केरल समुद्री बोर्ड (8.3%), पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (4.1%) ने यातायात में सबसे अधिक ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की। **(तालिका- 1)**




नोट: उपर्युक्त ग्राफ के अन्य में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, गोवा, केरल और कर्नाटक के गैर-महापत्तन शामिल हैं।

- अप्रैल-अगस्त, 2023-24 के दौरान, समुद्री राज्य/राज्य निदेशालय में से गुजरात समुद्री बोर्ड ने 61.9% की हिस्सेदारी के साथ 181.76 मिलियन टन की अधिकतम कार्गो की हैंडलिंग की। इसके बाद, आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (16.8%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (10.6%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (7.3%), पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (1.5%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (1.4%) और अन्य (0.4%) में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, गोवा, केरल और कर्नाटक के गैर-महापत्तन शामिल हैं। **(ऊपर दिया गया ग्राफ 1)**

तालिका -1 : गैर-महापत्तन – पत्तनवार संभाला गया मासिक कार्गो यातायात

(हजार टनों में)

| क्रम सं. | पत्तनों के नाम | | (अगस्त, 2022) (पी) | | (अगस्त, 2023) (पी) | | कुल योग (अप्रैल-अगस्त 2022-23) (पी) | | कुल योग (अप्रैल-अगस्त, 2023-24) (पी) | | % अंतर {(कॉ.10/ कॉ.8-1)* 100} |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | हैंडल किया गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | हैंडल किया गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | हैंडल किया गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | हैंडल किया गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | |
| | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
| 1 | जीएमबी | विदेशी | 28591 | 67.8 | 33457 | 71.4 | 157260 | 68.7 | 162836 | 68.4 | 3.5 |
| | | तटीय | 3326 | 39.8 | 4093 | 35.0 | 18801 | 40.9 | 18922 | 34.1 | 0.6 |
| | | कुल | 31917 | 63.2 | 37550 | 64.1 | 176060 | 64.1 | 181758 | 61.9 | 3.2 |
| 2 | एमएमबी | विदेशी | 1358 | 3.2 | 2193 | 4.7 | 10116 | 4.4 | 10753 | 4.5 | 6.3 |
| | | तटीय | 2374 | 28.4 | 4221 | 36.0 | 15688 | 34.2 | 20302 | 36.6 | 29.4 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | 3732 | 7.4 | 6414 | 11.0 | 25804 | 9.4 | 31055 | 10.6 | 20.3 |
| 3 | टीएनएमबी | विदेशी | 777 | 1.8 | 861 | 1.8 | 3737 | 1.6 | 4106 | 1.7 | 9.9 |
| | | तटीय | 43 | 0.5 | 24 | 0.2 | 287 | 0.6 | 121 | 0.2 | -57.7 |
| | | कुल | 820 | 1.6 | 884 | 1.5 | 4024 | 1.5 | 4227 | 1.4 | 5.1 |
| 4 | गोवा | विदेशी | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.0 |
| | | तटीय | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 2 | 0.0 | 6 | 0.0 | 233.9 |
| | | कुल | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 2 | 0.0 | 6 | 0.0 | 233.9 |
| 5 | केएमबी | विदेशी | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.0 |
| | | तटीय | 2 | 0.0 | 3 | 0.0 | 27 | 0.1 | 25 | 0.0 | -8.3 |
| | | कुल | 2 | 0.0 | 3 | 0.0 | 27 | 0.0 | 25 | 0.0 | -8.3 |
| 6 | पुदुच्चेरी | विदेशी | 848 | 2.0 | 812 | 1.7 | 4252 | 1.9 | 4504 | 1.9 | 5.9 |
| | | तटीय | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.0 |
| | | कुल | 848 | 1.7 | 812 | 1.4 | 4252 | 1.5 | 4504 | 1.5 | 5.9 |
| 7 | आंध्र प्रदेश | विदेशी | 7329 | 17.4 | 5450 | 11.6 | 36775 | 16.1 | 35759 | 15.0 | -2.8 |
| | | तटीय | 2094 | 25.1 | 2724 | 23.3 | 8676 | 18.9 | 13466 | 24.3 | 55.2 |
| | | कुल | 9423 | 18.7 | 8174 | 14.0 | 45451 | 16.5 | 49224 | 16.8 | 8.3 |
| 8 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | विदेशी | 29 | 0.1 | 1 | 0.0 | 126 | 0.1 | 55 | 0.0 | -56.0 |
| | | तटीय | 119 | 1.4 | 154 | 1.3 | 659 | 1.4 | 697 | 1.3 | 5.8 |
| | | कुल | 147 | 0.3 | 156 | 0.3 | 785 | 0.3 | 752 | 0.3 | -4.1 |
| 9 | कर्नाटक | विदेशी | 42 | 0.1 | 47 | 0.1 | 305 | 0.1 | 346 | 0.1 | 13.4 |
| | | तटीय | 4 | 0.0 | 0 | 0.0 | 79 | 0.2 | 93 | 0.2 | 18.4 |
| | | कुल | 46 | 0.1 | 47 | 0.1 | 384 | 0.1 | 439 | 0.1 | 14.4 |
| 10 | ओडिशा | विदेशी | 3190 | 7.6 | 4018 | 8.6 | 16281 | 7.1 | 19674 | 8.3 | 20.8 |
| | | तटीय | 394 | 4.7 | 492 | 4.2 | 1698 | 3.7 | 1782 | 3.2 | 4.9 |
| | | कुल | 3584 | 7.1 | 4510 | 7.7 | 17979 | 6.5 | 21456 | 7.3 | 19.3 |
| कुल | | **विदेशी** | **42163** | **83.5** | **46839** | **80.0** | **228851** | **83.3** | **238033** | **81.1** | **4.0** |
| | | **तटीय** | **8356** | **16.5** | **11712** | **20.0** | **45917** | **16.7** | **55414** | **18.9** | **20.7** |
| | | **कुल** | **50519** | **100.0** | **58551** | **100.0** | **274768** | **100.0** | **293447** | **100.0** | **6.8** |

स्रोत :- पोर्ट डाटा मैनेजमेंट पोर्टल, पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (पी) अनंतिम

- अप्रैल-अगस्त, 2023-24 के दौरान, **निर्माण सामग्री ने** 76.0% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, अन्य अयस्क (70.2%), लौह अयस्क (57.4%), दालें (56.2%), खाद्य तेल (43.2%), पीओएल उत्पाद (11.1%), कंटेनर (10.9%), एलपीजी अथवा एलएनजी (5.3%), अन्य वस्तुएं (3.3%), एफआरएम लिक्विड (3.0%), पीओएल क्रूड (2.5%), कोकिंग कोयला (2.4%) और थर्मल कोयला (0.7%) आते हैं। अप्रैल-अगस्त, 2022-23 की तुलना में अप्रैल-अगस्त, 2023-24 के दौरान **परियोजना कार्गो** ने यातायात में 59.2% की अधिकतम ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, चीनी (50.0%), दालों को छोड़कर अन्य खाद्यान्न (48.8%), लौह एवं इस्पात (21.7%), सीमेंट (18.4%), उर्वरक (5.4%) और अन्य कोयला (3.7%) आते हैं **(तालिका-2)**।

- सभी वस्तुओं में से, अप्रैल- अगस्त, 2023-24 के दौरान पत्तनों में अधिकतम हैंडल किया गया सामान **कंटेनर** है, जो 18.0% की हिस्सेदारी के साथ 52.92 मिलियन टन रहा। इसके बाद, अन्य कोयला (16.6%), पीओएल क्रूड (13.3%), पीओएल उत्पाद (10.9%), अन्य वस्तुएं (10.0%), लौह अयस्क (10.0%), कोकिंग कोयला और थर्मल कोयला (6.0%) प्रत्येक, एलपीजी एवं एलएनजी (3.1%), उर्वरक (1.7%), सीमेंट (1.3%), खाद्य तेल और लौह एवं इस्पात (0.6%) प्रत्येक, दालों को छोड़कर अन्य खाद्यान्न (0.5%), अन्य अयस्क, एफआरएम ड्राई, चीनी और निर्माण सामग्री (0.3%) प्रत्येक, एफआरएम लिक्विड (0.2%) और दालें (0.1%) आते हैं।

तालिका-2: गैर-महापत्तनों में कार्गो यातायात की वस्तुवार वृद्धि

(हजार टनों में)

| वस्तुएं | (अगस्त, 2022) (पी) | | (अगस्त, 2023) (पी) | | कुल योग (अप्रैल-अगस्त, 2022-23) (पी) | | कुल योग (अप्रैल-अगस्त, 2023-24) (पी) | | % अंतर {(कॉ.8/ कॉ.6-1)* 100} |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | हैंडल किया गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | हैंडल किया गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | हैंडल किया गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | हैंडल किया गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (12) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| पीओएल क्रूड | 6015 | 11.9 | 7916 | 13.5 | 38132 | 13.9 | 39094 | 13.3 | 2.5 |
| पीओएल उत्पाद | 5032 | 10.0 | 6809 | 11.6 | 28660 | 10.4 | 31856 | 10.9 | 11.1 |
| एलपीजी या एलएनजी | 1515 | 3.0 | 1949 | 3.3 | 8765 | 3.2 | 9233 | 3.1 | 5.3 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खाद्य तेल | 322 | 0.6 | 439 | 0.7 | 1186 | 0.4 | 1698 | 0.6 | 43.2 |
| एफआरएम-लिक्विड | 150 | 0.3 | 33 | 0.1 | 594 | 0.2 | 612 | 0.2 | 3.0 |
| लौह अयस्क पेलेट /फाइन | 2483 | 4.9 | 6461 | 11.0 | 18613 | 6.8 | 29304 | 10.0 | 57.4 |
| अन्य अयस्क | 92 | 0.2 | 211 | 0.4 | 554 | 0.2 | 944 | 0.3 | 70.2 |
| थर्मल कोयला | 2898 | 5.7 | 3386 | 5.8 | 17382 | 6.3 | 17510 | 6.0 | 0.7 |
| कोकिंग कोयला | 3124 | 6.2 | 3322 | 5.7 | 17172 | 6.2 | 17583 | 6.0 | 2.4 |
| अन्य कोयला | 10709 | 21.2 | 8742 | 14.9 | 50600 | 18.4 | 48719 | 16.6 | -3.7 |
| उर्वरक | 1161 | 2.3 | 851 | 1.5 | 5324 | 1.9 | 5038 | 1.7 | -5.4 |
| एफआरएम-ड्राई | 0 | 0.0 | 366 | 0.6 | 0 | 0.0 | 1013 | 0.3 | 0.0 |
| दालों को छोड़कर खाद्यान्न | 591 | 1.2 | 112 | 0.2 | 2794 | 1.0 | 1432 | 0.5 | -48.8 |
| दालें | 0 | 0.0 | 31 | 0.1 | 121 | 0.0 | 189 | 0.1 | 56.2 |
| चीनी | 121 | 0.2 | 188 | 0.3 | 1384 | 0.5 | 692 | 0.2 | -50.0 |
| सीमेंट | 786 | 1.6 | 715 | 1.2 | 4674 | 1.7 | 3813 | 1.3 | -18.4 |
| लोहा तथा इस्पात | 454 | 0.9 | 423 | 0.7 | 2125 | 0.8 | 1663 | 0.6 | -21.7 |
| परियोजना कार्गो | 47 | 0.1 | 11 | 0.0 | 166 | 0.1 | 68 | 0.0 | -59.2 |
| निर्माण सामग्री | 56 | 0.1 | 105 | 0.2 | 421 | 0.2 | 742 | 0.3 | 76.0 |
| कंटेनर टन | 9499 | 18.8 | 11318 | 19.3 | 47703 | 17.4 | 52915 | 18.0 | 10.9 |
| कंटेनर टीईयू* | 725 | 1.4 | 861 | 1.5 | 3614 | 1.3 | 3870 | 1.3 | 7.1 |
| अन्य | 5464 | 10.8 | 5164 | 8.8 | 28396 | 10.3 | 29329 | 10.0 | 3.3 |
| कुल | **50519** | **100.0** | **58551** | **100.0** | **274768** | **100.0** | **293447** | **100.0** | **6.8** |


स्रोत :- पोर्ट डाटा मैनेजमेंट पोर्टल, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय नोट: हजार संख्याओं में (पी) अनंतिम

## अप्रैल- अगस्त, 2023-24 के दौरान हैंडल किए गए विदेशी एवं तटीय कार्गो यातायात

- अप्रैल- अगस्त, 2023-24 के दौरान गैर-महापत्तनों में, गुजरात समुद्री बोर्ड (जीएमबी) ने 68.4% की हिस्सेदारी के साथ 162.84 मिलियन टन के अधिकतम विदेशी कार्गो का संचालन किया। इसके बाद, आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (15.0%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (8.3%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (4.5%),

पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (1.9%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (1.7%) और अन्य (0.2%) जिसमें अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, गोवा, केरल और कर्नाटक के गैर-महापत्तन द्वारा हैंडल किए गए कार्गो शामिल है। **(ग्राफ-2)**


**Graph 2. State Maritime/ Directorate-wise share of Overseas cargo traffic handled during April-August, 2023-24**




नोट: उपरोक्त ग्राफ-2 में अन्य, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, गोवा, केरल और कर्नाटक के गैर-महापत्तनों को दर्शाता है।

- अप्रैल-अगस्त, 2023-24 के दौरान गैर-महापत्तनों में, 36.6% हिस्सेदारी के साथ महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड ने 20.30 मिलियन टन के अधिकतम तटीय कार्गो को हैंडल किया। इसके बाद, गुजरात समुद्री बोर्ड (34.1%), आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (24.3%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (3.2%), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (1.3%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (0.2%) और अन्य (0.3%), जिसमें पुदुच्चेरी गोवा, केरल और कर्नाटक के गैर-महापत्तन द्वारा हैंडल किए गए कार्गो शामिल हैं। **(ग्राफ-3)**

**Graph 3. State Maritime/ Directorate-wise share of Coastal cargo traffic handled during April-August, 2023-24**




नोट: उपरोक्त ग्राफ-3 में अन्य गोवा, केरल, कर्नाटक और पुदुच्चेरी के गैर-महापत्तनों को दर्शाता है।

*****************************